(40)

**भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA**
**भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण /FISHERY SURVEY OF INDIA**
**न्यू फिशिंग हार्बर, ससुन गोदी, कुलाबा/NEW FISHING HARBOUR, SASSOON DOCK, COLABA**
**मुम्बई /MUMBAI-400 005**

**F.N./पत्र सं.:- 22-1/2018 हिन्दी** Date/ दिनांकः 09 .07.2018

सेवा में,

निदेशक (राजभाषा)
भारत सरकार,
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय,
पशुपालन, डेयरी एवं मात्स्यिकी विभाग,
कृषि भवन, कमरा नं- 557, नई दिल्ली-110 001.

विषयः राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 22.06.2018 को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के मुख्यालय में हुई तिमाही समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त ।

महोदय,

मैं, इस कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 22.06.2018 को हुई तिमाही समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज रही हूँ ।

**भवदीय**

श्रीमती 9/7/18

**(एम.के.श्रीमती)**
**वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी**

प्रतिलिपिः

उप महानिदेशक, राजभाषा कार्यान्वयन कार्यालय, केन्दीय सदन, छठी मंजिल, सी-विंग 601, सेक्टर 10, सी.बी.डी. बेलापूर, नवी मुम्बई ।

महानिदेशक के आशुलिपिक ग्रेड-। / स्थापना-।, ।।, ।।। /जी.सी. अनुभाग/मात्स्यिकी अनुभाग-।/ योजना एंव विकास अनुभाग/ लेखा अनुभाग/ कम्प्यूटर अनुभाग/ सांख्यिकी अनुभाग

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के मुख्यालय में 22.06.2018 को संपन्न तिमाही समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त.

**निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे ।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. एल रामलिंगम, उप महानिदेशक (मा.)/महानिदेशक (प्रभारी) | - | अध्यक्ष |
| 2. | श्री एम. के. फरेजिया, निदेशक (अभियांत्रिकी) | - | सदस्य |
| 3. | श्री रमनमूर्ति, तंत्र विश्लेषक | - | सदस्य |
| 4. | श्री पी. चलपति राव, सांख्यिकीविद् | - | सदस्य |
| 5. | डॉ. अंशुमान दास, मात्स्यिकी वैज्ञानिक | - | सदस्य |
| 6. | श्रीमती एम के श्रीमती, व. प्रशासनिक अधिकारी | - | सदस्य |
| 7. | श्री सी. एच. भास्कर, प्रोग्रामर | - | सदस्य |
| 8. | श्री राजेन्द्र डोकरे, यांत्रिक पर्यवेक्षक (वरिष्ठ) | - | सदस्य |
| 9. | श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव, क. अनुवादक | - | सदस्य/संयोजक |

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (मुख्यालय) मुंबई की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 100 वीं बैठक 22.06.2018 को सुबह 11.30 बजे डॉ. एल रामलिंगम, उप महानिदेशक (मा.)/महानिदेशक (प्रभारी) की अध्यक्षता में शुरु हुई । अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और सदस्य/संयोजक से 31.03.2018 को समाप्त तिमाही की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करने और 21.03.2018 को हुई पिछली बैठक में की गई प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए अनुरोध किया ।

**31.03.2018 को समाप्त तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा मद्वार निम्नानुसार की गई ।**

1) तिमाही के दौरान राजभाषा अधिनियम 1963 के धारा 3 (3) में उल्लिखित सभी दस्तावेज़ व्दिभाषी में ही जारी किए गए ।

2) हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दिए गए ।

3) हिंदी पत्राचार का प्रतिशत 'क' क्षेत्र में 50% से 57% तक बढ़ा है और 'ख' क्षेत्र में 51% से 55% तक बढ़ा है । लेकिन 'ग' क्षेत्र में 51% है । जो कि पिछली तिमाही की तुलना में समान है ।

सभी अनुभागों की समीक्षा क्षेत्रवार करने पर यह अवलोकन किया गया कि 'क' एवं 'ख' क्षेत्र में सब से अच्छा निष्पादन 90% और 100% के साथ सांख्यिकी अनुभाग का है, ख क्षेत्र में 100% के साथ कंप्यूटर अनुभाग और उसके बाद 'क' एवं 'ख' क्षेत्र में 75% और 68% के साथ स्थापना अनुभाग-।।। का निष्पादन अच्छा रहा । अध्यक्ष महोदय ने हिंदी पत्राचार बढ़ाने में उनके द्वारा किए गए प्रयास की सराहना की । 'क' एवं 'ख' क्षेत्र में हिंदी पत्राचार का प्रतिशत 44% & 34% के साथ मात्स्यिकी अनुभाग में, 50% & 21% के साथ लेखा अनुभाग में, 48% एवं 44% के साथ स्थापना-।।। में बहुत कम पाए गए । जबकि हमारा निर्धारित लक्ष्य 90% है । 'ख' एवं 'ग' क्षेत्र में हिंदी पत्राचार का प्रतिशत लेखा अनुभाग में 21% & 20% के साथ बहुत कम है । 'ग' क्षेत्र में हिंदी पत्राचार का प्रतिशत जी सी अनुभाग में 31% है और मात्स्यिकी अनुभाग का 38% है जो कि निर्धारित लक्ष्य 55% से बहुत कम है । अध्यक्ष महोदय ने संबंधित अनुभाग से विशेषकर लेखा अनुभाग से अनुरोध किया कि 'क' एवं 'ख' क्षेत्र में अधिकांश पत्र व्दिभाषी भेजें ताकि वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया जा सके ।

4. हिंदी टिप्पणी का प्रतिशत 49% है जोकि पिछली तिमाही से 1% कम है । लेखा अनुभाग में टिप्पणी का प्रतिशत 16% के साथ बहुत कम है और उसके बाद कंप्यूटर अनुभाग का प्रतिशत भी 29% के साथ कम है । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि लेखा अनुभाग को हिंदी टिप्पणी में निर्धारित लक्ष्य 50% प्राप्त करने के लिए अधिक प्रयास किया जाना चाहिए ।

**पिछली बैठक में की गई प्रगति**

1. **डिस्प्ले बोर्ड के लिए नेनो बोर्ड खरीदने हेतु कार्रवाई की जाए ।**
यह स्थानीय पार्टी से खरीदने का निर्णय लिया गया था लेकिन कार्रवाई नहीं हुई । अब समिति ने यह निर्णय लिया है कि तंत्र विश्लेषक और मात्स्यिकी वैज्ञानिक को डिस्प्ले बोर्ड खरीदने की जिम्मेदारी दी जाए ।

(कार्रवाईः तंत्र विश्लेषक एवं मात्स्यिकी वैज्ञानिक)

2. **सभी नाम पट्ट कार्यालय का नाम बोर्ड व्दिभाषी में बनाया जाए ।**
अनुभागों के लिए नामपट्ट अभी तक नहीं बनाया है । इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया कि दोनों मुंबई मुख्यालय और बेस कार्यालयों के लिए लटकनेवाला नामपट्ट बनाया जाए । अध्यक्ष ने यह भी सुझाव दिया कि कार्यालय के नाम बोर्ड में मुंबई बेस का भी नाम जोडा जाए ।
(कार्रवाईः जी. सी अनुभाग)

3. **हिंदी शिक्षण योजना के अंतरगत कर्मचारियों को 'हिंदी पारंगत' में नामांकित किया जाए ।**
समिति ने दो कर्मचारियों को श्री योगेश गांगुर्डे, आंकडा प्रविष्टी प्रचालक एवं श्री चंद्रगुप्त कुमार, अवर श्रेणी लिपिक 'हिंदी 'पारंगत' कक्षा में प्रशिक्षणार्थ अगले सत्र में नामांकित करने का निर्णय लिया है ।

(कार्रवाईः हिंदी अनुभाग)

4. **वेबसाइट को हिंदी में अद्यतन किया जाए ।**
यह हिंदी में किया जा रहा है । अतः यह मद को हटाया जाए ।

5. **हिंदी पुस्तकालय का भौतिक सत्यापन किया जाए ।**
श्री एस. जी. पटवारी, क. मा. वैज्ञानिक द्वारा हिंदी पुस्तकालय का भौतिक सत्यापन किया गया ।

6. **हिंदी पुस्तकालय को मुख्य पुस्तकालय में स्थानांतरित किया जाए ।**
क. पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा भा मा स (मुख्यालय) मुंबई में कार्यारंभ करने बाद हिंदी पुस्तकालय मुख्य पुस्तकालय में स्थानांतरित किया जाएगा ।

7. **हिंदी पत्रिका 'मत्स्य किरण' के अगले अंक- 8 छपवाने हेतु कर्मचारी सदस्यों से सामग्री मँगाई जाए ।**
इस संबंध में बेस कार्यालय तथा मुख्यालय को एक परिपत्र जारी किया गया है ।
(कार्रवाईः सभी अनुभाग)

8. **निदेशक (अभियांत्रिकी) को भा मा स (मुख्यालय) मुंबई में राजभाषा अधिकारी के रुप में नामांकित किया जाए ।**
इस संबंध में एक कार्यालय आदेश जारी किया गया ।

**राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सुझाव**

1. **'क' एवं 'ख' क्षेत्र से अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दिए जाए ।**
इस संबंध में यह निर्णय लिया गया है कि यदि उत्तर छोटा हो तो, छोटे पत्र हिंदी में भेजा जाए ।
(कार्रवाईः सभी अनुभाग)

2. रजिस्टरों/डायरियों/सेवा पंजियों के शीर्षक व्दिभाषी में बनाया जाए एवं हिंदी में प्रविष्टियाँ की जाए ।
(कार्रवाईः सभी अनुभाग)

3. कंप्यूटर अनुभाग को सारा काम हिंदी में करने के लिए विनिर्दिष्ट किया जाए ।
(कार्रवाईः हिन्दी अनुभाग)

4. **श्रेष्ठ गृह पत्रिका के चयन हेतु एक समिति पुनर्गठित की जाए ।**
इस संबंध में यह निर्णय लिया गया है कि मुख्यालय एवं बेस कार्यालय द्वारा प्रकाशित श्रेष्ठ हिंदी गृह पत्रिका का चयन करने हेतु निदेशक (अभियांत्रिकी) को अध्यक्ष के रुप में और श्री रमण मूर्ति, तंत्र विश्लेषक, श्रीमती एम के श्रीमती, व. प्रशासनिक अधिकारी को सदस्य के रुप में और श्री सुशील कुमार शर्मा, सचिव, टोलिक के बाहरी सदस्य के रुप में सम्मिलित कर एक समिति पुनर्गठित की जाए ।
(कार्रवाईः हिंदी अनुभाग)

श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव, सदस्य/संयोजक के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक दोपहर 12.30 बजे समाप्त हुई ।

# दिनांक 22 .06.2018 की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपस्थित अध्यक्ष एवं सदस्यों की सूची

*******

| क्र. सं. | नाम | | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. एल रामलिंगम, उप महानिदेशक (मा.)/महानिदेशक (प्रभारी) | - | [illegible] 22/6/18 |
| 2. | श्री एम. के. फरेजिया, निदेशक (अभियांत्रिकी) | - | [illegible] 22/06 |
| 3. | श्री रमनमूर्ति, तंत्र विश्लेषक एवं डी.डी.ओ | - | [illegible] 22/06/2018 |
| 4. | डॉ. एम विनोदकुमार, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक | - | ............... |
| 5. | श्री पी. चलपति राव, सांख्यिकीविद् | - | पी.चलपति राव 22/06 |
| 6. | डॉ. अंशुमान दास, मात्स्यिकी वैज्ञानिक | - | अंशुमान 22.06.18 |
| 7. | श्रीमती एम. के. श्रीमती, व. प्रशासनिक अधिकारी | - | [illegible] 22/6 |
| 8. | श्री सी एच भास्कर, प्रोग्रामर | - | सी. भास्कर 22/6/18 |
| 9. | श्री बापू एम राऊत, प्रोग्रामर | - | ............... |
| 10. | श्री राजेन्द्र डोकरे, यांत्रिक पर्यवेक्षक (वरिष्ठ) | - | रा. डोकरे 22.6.18 |
| 11. | श्री गोपाल वासुदेव थुले, कार्यालय अधीक्षक | - | on leave |
| 12 | श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव, क. अनुवादक | - | मीरा वेल्लेन राजीव 22/6/2018 |